

**कृषि लोक**
**कृषि एवं किसान के लिए ई-पत्रिका**
http://www.rdagriculture.in
**e-ISSN No. 2583-0937**
कृषि लोक,खंड 02 (04): 187-188, 2022

# टेरेस गार्ड़ेनिग

## (सब्जियों की पैदावार छतों पे)

**राहुल सिंह रघुवंशी**

पादप रोग विभाग
आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रोधोगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या

ईमेल:raghuvanshir22@gmail.com

***Received:***September 21, 2022; ***Revised:*** **September 27, 2022*****Accepted:*****September 29, 2022**

यदि हर घर या अपार्टमेंट की एक तिहाई छत का बागवानी के लिए उपयोग करें तो प्रतिदिन सब्जियां लगभग 50-70 प्रतिशत तक प्राप्त की जा सकती है। वर्तमान परिस्थिति में सघन उत्पादन किया जारहा है। यानि कि प्रत्येक इंच जमीन से उत्पादन लिया जा रहा है। इसके लिए चाहे जो करना पड़े उत्पादक करता है। जैसे अंधाधुंध कीटनाशक, फफूंदनाशक जिसका स्वास्थ पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है।

टेरेस गार्ड़ेनिग का प्रचलन मुख्यतः शहरों में तेजी से बढ़ रहा है। छत पर गार्डन के लिए ज्यादातर प्लास्टिक बैग्स का इस्तेमाल करें। मिट्टी के भारी भारी गमलों आदि से बचें। (हार्मोस वर्धक का उपयोग करनाटेरेस गार्ड़ेनिग से विषरहित ताजी सुलभ सब्जी प्राप्त की जा सकती हैं | इससे समय, पैसा, आदि तो बचता ही है, साथ ही शारीरिक, मानसिक, प्राकृतिक शांति भी मिलती हैं |)

### टेरेस गार्ड़ेनिग क्या है?

- वह बगीचा जिसे आप अपने मकान या बिल्डिंग की छत पर लगाकर उसमें ताजा सब्जियां फल तथा विभिन्न प्रकार के फूल उगा सकते हैं।
- इसको आप मिट्टी के गमले, कंटेनर या अन्य बर्तनों में मिट्टी भरकर उसमें फल व सब्जी उगा सकते हैं।

अगर आप सोचते हैं कि मेरे को बाजार की हानिकारक फल व सब्जियां नहीं खानी पड़े तथा

e-ISSN No. 2583-0937

किसी पास के बगीचे के बजाय अपने बगीचे में घूमना पसंद है तो उसके लिए टेरेस गार्डेनिगसही चुनाव हो सकता है।

### क्यों जरूरी है टेरेस गार्डेनिग?

आधुनिक समय में बढ़ते पेस्टिसाइड के प्रयोग तथा उसके प्रभाव से बचने के लिए आज लोग अपने ही छत पर जैविक खाद द्वारा जैविक फल सब्जियां तथा अन्य पौधे उगा रहे हैं, जिससे अपने व अपने बच्चों के भविष्य को बचाया जा सकता है। भविष्य का अर्थ है सेहत, जो हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण होती है। यहां बाजार में पुरानी फल व सब्जियों के बजाय ताजा फल सब्जियां मिल जाती है।

### छत में बागबानी करने के तरीके

छतों में उन सभी बर्तनों का आदि उपयोग कर सकतेंहै, जिसमें लगभग 8-9 इंच मिट्टी भरी जा सके। उस बर्तन में जल निकास के लिए छिद्र बनाकर सब्जियां उगाई जा सकती है।

### छत में

कांक्रीट की क्यारियों में छत से लगभग 4-6 इंच उपर उठाकर 3.5 फीट चौड़ी, 8-10 फीट लंबी एवं 9-12 इंच ऊंची क्यारियां बना लें तथा एक दिशा की ओरजल निकास के लिए एक इंच मोटा पाईप लगाकर छतके जल निकास पाइप के पास छोड़ दें, जिससे रिसा पानी बाहर निकल जाए।

### प्लास्टिक की क्यारियों में

प्लास्टिक की 3 फिट लम्ब्री, 2 फीट चौड़ी एवं 9 इंच ऊंची(गहरी) क्यारियां बनी बनाई बाजार में उपलब्ध है। उनको खरीद सकते हैं। इस क्यारियों में भी जल निकास के लिए एक किनारे में 1 इंच चौड़ा छिद्रकर दिवार से 1 फीट दूर डेढ़ डेढ-फीट की दूरी पर रखें, इससे एक क्यारी की फसल दूसरी क्यारी की फसल को प्रभावित न करें।

### गमलों में

यदि गमलों में सब्जियों को लगाना हो तो एक फिट पास एवं डेढ़ फीट ऊंचे गमलों का चयन कर आसानी से छत पर सभी प्रकार की सब्जियां उगाई जा सकती हैं। बेल वाली सब्जियों को छोड़कर गार्डनिंग से विष रहित ताजी पा सब्जी प्राप्त की जैसे -कद्दू, लौकी आदि।

### प्लास्टिक की ऑफिस ट्रे

बड़े आकार के 2-8 या 5- 24 एवं 4 इंचजिस आकार में बाजार में उपलब्ध हो, लेकर उसमें भी प्लास्टिक की क्यारियों की भांति एक कोने में जल निकास लगाकर सभी को आपस में जोड़ दें, जिसमें पानी आसानी से बाहर निकल जाए। इन ट्रे में धनिया, चौलाई, भाजी, पालक, मैथी , लहसुन, प्याज आदि को आसानी से उगाया जा सकता है।

### टेरेस गार्डेनिग के फ़ायदे

आपको टेरेस गार्डेनिग अपने घर की छत पर कैसे करें यह बताने से पूर्व उसके फायदे के बारे में जान लेना चाहिए। जिससे आप मे टेरेस गार्डेनिग करने का उत्साह जीवित हो।

#### 1. ताजा व पौष्टिक फल तथा सब्जियों की आपूर्ति

अगर आप के बगीचे में हर दिन घर पर उगने वाली सब्जियों और फलों की ताजा पूर्ति हो तो इससे बेहतर क्या ही होगा। कल्पना करो आपको कैसा लगेगा जब गर्म टमाटर सूप को आप अपने बगीचे से ताजा टमाटर तोड़कर उपयोग करके तैयार करते हैं। और वह पोषण से भरपूर होता है।

#### 2. रसायन मुक्त उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं।

हानिकारक रसायन रहित उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं, क्योंकि आजकल हानिकारक रसायनों का उपयोग खेती में इस तरह बढ़ गया है, कि पंजाब तथा केरल की बात करें तो वहां आज अधिकांश लोग कैंसर जैसी भयानक बीमारियों से जूझ रहे हैं। इसलिए आप टेरेस गार्डेनिग करके जैविक खाद द्वारा जैविक खेती करके शुद्ध व ताजा उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। तथा स्वस्थ रह सकते हैं।

#### 4. कार्बन की मात्रा को कम करता है।

अपने घर पर एक बगीचे का निर्माण करके आप पर्यावरण की मदद करेंगे और कार्बन की मात्रा भी कम होगी। क्योंकि आपके द्वारा उगाए जाने वाले पौधे हवा की गुणवत्ता में सुधार करेंगे। रासायनिक पदार्थों का उपयोग करके की जाने वाली खेती मिट्टी की गुणवत्ता को खराब करती है, और वायु तथा पानी को प्रदूषित करती है। आप घर पर बगीचा लगाकर आपके आसपास के वातावरण को शुद्ध बना सकते हैं।